आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 09.08.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और पशुधन संरक्षण के लिए शुरू की जाएगी गौधाम योजना।

2— राज्य के किसानों को धान बेचने सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

3— विश्व आदिवासी दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

4— भाई—बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

गौधाम योजना

राज्य सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ—आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव—गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित और घुमंतू गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्रोत उपलब्ध हो सके। गौधाम योजना के प्रारूप को वित्त और पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है। यह योजना मवेशियों की तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतू पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

गौधाम योजना के तहत चरवाहों को दस हजार नौ सौ सोलह रुपए प्रतिमाह और गौसेवकों को तेरह हजार एक सौ छब्बीस रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। साथ ही मवेशियों के चारे के लिए हर दिन निर्धारित राशि भी प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले वर्ष दस रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष बीस रुपए, तीसरे वर्ष तीस रुपए और चौथे वर्ष पैंतीस रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि गौधान योजना से प्रदेश में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बड़ी संख्या में चरवाहों तथा गौसेवकों को नियमित आय का साधन मिलेगा।

एग्रीस्टैक पोर्टल

प्रदेश के किसानों को चालू खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल को एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ा गया है। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था, उन्हें भी संशोधन या कैरी फारवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के कोई भी किसान धान नहीं बेच पाएंगे। किसान नजदीकी सहकारी समिति या ग्राहक सेवा केंद्र में जाकर अपना पंजीयन निःशुल्क करा सकते हैं।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किसानों को कृषक उन्नति योजना का भी लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत पिछले खरीफ में पंजीकृत किसानों को, जिन्होंने धान की जगह अन्य खरीफ फसलें लगाई थीं और उनकी गिरदावरी में पुष्टि हुई है, उन्हें प्रति एकड़ ग्यारह हजार रुपये की आदान सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य या कपास की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में अपना पंजीयन जरूर करवाएं।

रामविचार नेताम–राजनाथ सिंह मुलाकात

आदिमजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर श्री नेताम ने श्री सिंह को ऑपरेशन "सिंदूर" की सफलता के लिए बधाई दी। साथ ही श्री नेताम ने छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सल अभियान और नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री–उज्जवला योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रति एलपीजी सिलेंडर पर तीन सौ रूपये की सब्सिडी को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक जारी रखने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर देश की करोड़ों बहनों के लिए यह मंगलकारी उपहार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से दस करोड़ तैंतीस लाख उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को राहत मिलेगी। वहीं, छत्तीसगढ़ की भी लाखों बहनें, इससे लाभान्वित होंगी और उनके रसोई के खर्च का बोझ कम होगा तथा धुएं से मुक्ति मिलेगी।

विश्व आदिवासी दिवस

आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी परंपराओं के अनुरूप पूजा–अर्चना और स्वागत गीत से हुई। वहीं, आदिवासी संस्कृति, लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक वेशभूषा से सजे कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर विभिन्न जिलों में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली के माध्यम से लोगों ने आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, अधिकारों और संरक्षण का संदेश दिया।

नालंदा परिसर

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं के लिए चौंतीस नये नालंदा परिसर बनाए जा रहे हैं। ये नालंदा परिसर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं, बल्कि दूरस्थ वनांचलों के सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले दो वर्षों में तैंतीस नये नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है। वहीं, रायगढ़ में सीएसआर से सात सौ सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच अनुबंध हुआ है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा।

कोंडागांव–पोदल उरस्कना

बस्तर संभाग में इन दिनों 'पोदल उरस्कना' वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 'एक पेड़ शहीदों के नाम' पर पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज कोंडागांव स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने पौधा लगाकर 'पोदल उरस्कना' कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'एक पेड़ शहीदों के नाम' पर पौधा लगाया। वहीं, पोदल उरस्कना के तहत जिले के अन्य कार्यालयों, थाना–चौकियों और पुलिस कैंपों में भी पौधारोपण किया गया।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कोंडागांव'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड

वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड के रीजनल राउंड के लिए रायपुर के पीएमश्री आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। इस ओलंपियाड में देशभर से आए सैकड़ों प्रोजेक्ट्स में से चार सौ प्रोजेक्ट्स को चुना गया है, जिनमें रायपुर के पीएमश्री आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा पारूल सिरमौर, पूर्वा साकार, रिचल एक्का का 'स्मार्ट पार्किंग' प्रोजेक्ट भी शामिल है। यह प्रोजेक्ट सतत् विकास लक्ष्य पर आधारित है। अब ये छात्राएं ग्यारह अगस्त को कोलकाता में होने वाले रीजनल राउंड में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगी। इसके बाद चयन होने पर वे हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

गौरतलब है कि वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड एक विश्व स्तरीय प्रतियोगिता है, जिसमें चार राउंड होते हैं।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन बहन अपने भाई के हाथ में रक्षासूत्र बांधती है और उसे मिठाई खिलाती है। भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेकर उपहार देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी हैं।

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की संचालिका ब्रह्मकुमारी सविता बहन ने मुलाकात की उन्हें रक्षा–सूत्र बांधा और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ तथा खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकता और सामाजिक मूल्यों की गहराई को दर्शाने वाला अनुपम उत्सव है।

वहीं, जशपुर जिले के ग्राम बगिया में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधकर उनका आभार व्यक्त जताया।

रक्षाबंधन पर आज दंतेवाड़ा के सर्किट हाउस परिसर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप को 'दंतेश्वरी फाइटर' और आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर मंत्रियों ने कहा कि ये वही बहनें हैं, जिन्होंने नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर विकास की मुख्यधारा का मार्ग अपनाया है। इस दौरान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। साथ ही परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

संक्षिप्त समाचार

– जांजगीर के प्रथम जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी के दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए पंद्रह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस आरोपियों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी रायपुर जोनल यूनिट ने गिरफ्तार किया था।

– मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ थाने में पदस्थ जिला पुलिस बल के एक आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

– नेशनल सिक्योरिटी गार्ड–एनएसजी मानेसर गुड़गांव की ग्यारह सदस्यीय टीम द्वारा वीआईपी सुरक्षा में तैनात जवानों और पुलिस वाहन चालकों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए रायपुर में प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>